NOT APPROVED

हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 10 मार्च, 2016/20 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 6

चरागाहों के हक-हकूक

1213 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में वन अधिनियम 1980 के लागू होने से पूर्व शामलात भूमि पर स्थानीय लोगों के पशुओं के लिए चरागाह इत्यादि पर अधिकार थे जिनका वन बन्दोबस्त (Forest Settlement) और वाजू-उल-अर्ज में हक-हकूक दर्ज़ है;

(ख) यदि हां, तो विभाग के पास इस प्रकार की कितने हैक्टेयर भूमि थी;

(ग) यह भी सत्य है कि अधिनियम लागू होने के पश्चात बिना बरतनदारों की रजामंदी के वन विभाग इस प्रकार की भूमि का मालिक बन गया; फलस्वरूप चरागाह में कमी आई तथा जन-साधारण के हक-हकूक भी समाप्त हो गए जिससे लोगों ने मजबूरन नाजायज़ कब्जे किए; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस समस्या के समाधान हेतु कौन-कौन से पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

1214 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि रेणुका डैम में किसानों की भूमि को कुछ प्रभावशाली लोगों ने सस्ती दरों पर खरीद कर बेनामियों की आड़ में धनराशि अर्जित की गई; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा कौन-कौन लोग दोषी पाए गए; ब्यौरा लोगों के नाम व पते सहित सभा पटल पर रखें?

मापदण्ड/नीति

1215 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में सरकार की नगर पंचायतों को नगर परिषद तथा नगर परिषद को नगर निगम बनाने के लिए कोई नीति निर्धारित है; इसके लिए कौन-कौन से मापदंड पूर्ण होने चाहिए; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा किए गए सर्वे अनुसार कौन-कौन से शहर नगर निगम में परिवर्तित करने हेतु निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हैं, विशेषकर मण्डी, सोलन तथा धर्मशाला का ब्यौरा दें?

पूंजी वापिस लेने हेतु आवेदन

1216 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला ऊना की तहसील अम्ब के अन्तर्गत दी अम्ब टिला एग्रो सहकारी सभा है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) वर्तमान में लोगों की इसमें कितनी पूंजी कब-कब से जमा है; ब्यौरा दें; और

(घ) लोगों ने क्या अपनी जमा पूंजी वापस लेने हेतु आवेदन किए है; यदि हां, तो दिनांक 31.01.2016 तक कितने लोगों को जमा पूंजी वापस कर दी गई; यदि नहीं, तो कारण ?

NOT APPROVED

कैन खाद का विकल्प

1217 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) वर्तमान में सेब बागवानों को कैन खाद के बदले कौन सी खाद उपलब्ध करवाई जा रही है;

(ख) हिमफैड ने जो कैल्शियम नाइट्रेट बागवानों/किसानों को उपलब्ध करवाई है उसकी सिफारिश किस एजैन्सी द्वारा की गई तथा विभाग द्वारा क्या इसकी रिसर्च/ट्राइल की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार ने केन्द्र सरकार से कैन खाद या इसके विकल्प हेतु पत्राचार किया है; ब्यौरा दें?

विकास कार्य हेतु धनराशि

1218 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा विकास कार्यों हेतु कितनी धनराशि किन-किन स्थानों पर व्यय की गई;

(ख) विभाग द्वारा इस अवधि में कितनी निविदायें आमन्त्रित की गई; ब्यौरा कार्य के नाम सहित दें;

(ग) इन में से कितने कार्य स्वीकृत किए गए; कितने पूर्ण किये गये व शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार क्या देहा और चौपाल के मध्य दूरी के दृष्टिगत कोई विश्राम गृह बनाने का विचार रखती है?

शिमला: 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांक: 23 फरवरी, 2016 . **सचिव।**